कोविड.19 टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम

उदयपुर. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ द्वारा संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत थियोसोफिकल सोसायटी के पास गाडोलिया लोहार बस्ती में कोविड.19 वैक्सीन लगवाने के संबंध में नागरिकों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. कानन सक्सेना, सदस्य भावना पोखरना, इंदु शर्मा, सुदेशना पारीजा, सुनील शुक्ला, शुभ्रा तिवारी द्वारा गाडोलिया बस्ती के नागरिकों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए नियमित रूप से मास्क पहनने, हाथों को धोने एवं वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।